# जिले में खाद्यान्न व पोषण योजनाओं का किया निरीक्षण

**पीडीएस, मध्यान्ह भोजन और आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता की हुई गहन समीक्षा, बैठक में दिये अहम दिशा निर्देश**

**राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा उपस्थित रहें।**



**नवभारत,दमोह. जिले में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली की सभी उच्च मूल्य दुकानों का रोस्टर के अनुसार निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए.प्रति दुकान का 3 माह में निरीक्षण हो जाए सभी उचित मूल्य की दुकानों में पीओएस मशीनों का होना सुनिश्चित हो.इस आशय के निर्देश मध्य प्रदेश राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष प्रोफेसर वीरेंद्र कुमार मल्होत्रा ने जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान दिए.**

उन्होंने कहा वन नेशन वन राशन राशन कार्ड के तहत जिले में प्रदेश के बाहर के कितने हितग्राहियों द्वारा खाद्यान्न लिया जा रहा है, जानकारी अपडेट रखी जाए.राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष जिला कार्यालय सभा कक्ष में खाद्यान्न के संबंध में समीक्षा बैठक में दिशा निर्देश दे रहे थे. बैठक के पूर्व आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा जिले के भ्रमण पर गए थे और उन्होंने मध्यान भोजन और आंगनबाड़ी केद्रों में वितरित किए गए खाद्यान्न का भी जायजा लिया.राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष श्री मल्होत्रा ने अधिकारियों से कहा कि मध्यान भोजन में पानी और हाइजीन पर कोई समझौता नहीं होगा. उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए साथ ही यह भी कहा कि खाने में उपयोग आने वाले मसाले गुणवत्ता पूर्ण हो सुनिश्चित किया जाए. प्रोफेसर मल्होत्रा ने कहा भ्रमण जाने पर अधिकारी स्कूल की कक्षाओं में जाकर बच्चों को मोटिवेट करें, इससे उन्हें आगे बढ़ाने में मदद भी मिलेगी.बैठक के दौरान मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने बताया कि मध्यान भोजन के लिए सभी स्कूलों हेतु राशि जारी कर दी गई है,बैठक के पूर्व म.प्र. राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष प्रो. वीरेन्द्र कुमार मल्होत्रा ने दमोह जिले में भ्रमण के दौरान पी.डी.एस. कौरासा में उपलब्ध खाद्यान्न व मध्यान्ह भोजन तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिये वितरित किये गये खाद्यान्न की समीक्षा की तथा नागरिक आपूर्तिनिगम के जिला प्रबंधक को समय पर संबंधित पीडीएस. में खाद्यान्न उपलब्ध कराने के निर्देश दिये.

### निरीक्षण के दौरान भोजन चखा



उन्होंने आंगनवाड़ी केन्द्र बांसा कला में सांझा चूल्हा कार्य के तहत वितरित किये जा रहे पोषण आहार व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली तथा शासकीय माध्यमिक शाला बांसाकला, एकीकृत शाला पडरिया में पोषण शक्ति निर्माण अंतर्गत वितरित किये जा रहे मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण, किचिन शेड एवं बर्तनों की साफ-सफाई तथा भोजन वितरण संबंधी अभिलेखों का निरीक्षण किया.प्रो.श्री मल्होत्रा ने भ्रमण के उपरांत दमोह शहरी क्षेत्र अंतर्गत निर्मित केन्द्रीयकृत किचिन शेड दमोह का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान भोजन चखा एवं मशीनों आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई व पानी की जांच हेतु निर्देश दिये. निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी एमडीएम, महिला बाल विकास विकास विभाग, शिक्षा आदि के अधिकारी मौजूद रहे.

# काशी की धरा पर नव दिवस

### दमोह का गौरव बनके चमकेगा शिवतत्व



**नवभारत, दमोह. श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ व शिवपुराण कथा हेतु दमोह के साकेत धाम पीठाधीश्वर श्री महंत श्री भगवान वेदांताचार्य रसिक जी नौ दिन तक काशी प्रवेश पर है जिनके मुखारबिंद से दिव्य शिव कथामृत का रसास्वादन काशी की जनता जनार्दन मूर्त रूप से करेगी ज्ञातव्य हो के अपनी विशिष्ट दार्शनिक शैली में श्री भगवान के द्वारा दमोह के निरंतर विकाश के लिए आध्यात्मिक आयोजन किए जाते है जिसमें इस बार उनका साथ काशी विरक्त संत समाज के द्वारा निकाली गई भव्य कलश यात्रा में देखने को मिला.**

बनारस के शिवपुर स्थित रामलीला मैदान में श्रीफलाहारी बाबा संत सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित इस कथा में रथ पर आरूढ़ कथा व्यास श्री भगवान जी का भव्य स्वागत नौ दिवसीय श्री श्री लक्ष्मीनारायण हुआ साथ ही महायज्ञ व शिव महापुराण कथा का शुभारंभ एक आध्यात्मिक गरिमा से परिपूर्ण कलश शोभायात्रा के साथ सम्पन्न हुआ। यज्ञाचार्य पं. जितेन्द्र तिवारी, पं.लवकुश तिवारी एवं रोहित शुक्ला द्वारा वेद मंत्रोच्चारण के मध्य यज्ञ कलशों का विधिपूर्वक पूजन सम्पन्न कराया गया। कलशयात्रा ने सम्पूर्ण क्षेत्र के वातावरण को श्रीलक्ष्मीनारायणमय व शिवतत्व से अनुप्राणित कर दियज्ञं शोभायात्रा के दौरान बग्घी पर विराजमान संत महात्माओं के दर्शन, सिर पर गंगाजल कलश धारण किए 1008 सुशोभित महिलाओं की अनुशासित सहभागिता तथा ध्वज-पताकाओं के साथ चल रहे भक्तों की भक्ति-भावना ने दृश्य को विशिष्ट आध्यात्मिक वैभव प्रदान किया। मुख्य यजमान विनोद दुबे है महंत श्री रामदास त्यागी फलाहारी बाबा ने बताया कि प्रतिदिन प्रात: लक्ष्मीनारायण महायज्ञ की मंडप फेरी तथा सायंकाल जनकल्याणार्थ शिव महापुराण कथा का वाचन किया जाएगा। शुक्रवार प्रात: 10 बजे अग्निप्रतिष्ठा उपरांत महालक्ष्मी यज्ञ का आरंभ होगा। 5 से 11 दिसंबर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से सायं 7 बजे तक कथावाचक श्री भगवान वेदांताचार्य जी रहेंगे।

# अस्पताल में शिक्षक-शिक्षिकाएं व पुलिस तैनात



**नवभारत, दमोह. जिला अस्पताल के कॉविड-19 आईसीयू व डेंगू वार्ड में अरंडी के बीज खाने से सभी 51 बीमार बच्चे बुधवार सुबह तक भर्ती रहे.जिनका उपचार सिविल सर्जन डॉक्टर प्रहलाद पटेल के नेतृत्व में डॉ सुनील जैन, वीरेन्द्र सिंह, नर्स ऑफिसर स्वर्णलता नागवंशी, प्रिंसी ताम्रकार, दिव्या देख-रेख किया जा रहा था.इधर जिला अस्पताल में स्कूल के प्राचार्य भगवत प्रसाद कुर्मी के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं भी तैनात हैं.**

यहां पुलिस का भी एक पॉइंट लगाया गया है जिसमें प्रधान आरक्षक घासीराम, आरक्षक मनोज आरके यादव मौजूद रही.सभी बच्चों को जिला अस्पताल के द्वारा व्यवस्थित खाने की व्यवस्था की गई.इस दौरान सीएसपी एच पांडे, टीआई मनीष कुमार मौजूद रहे.

### बीमार बच्चों से जानकारी ली

जिले के किशुनगंज में 51 बच्चे बीमार होने से जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मानक पटेल,परम यादव, बृजेंद्र राव, लक्ष्मण सिंह, राव लाखन के अलावा और भी कांग्रेसी जिला अस्पताल पहुंचे और बीमार बच्चों से जानकारी ली.साथी डॉक्टर से भी जानकारी ली.इधर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनु मिश्रा भी जिला अस्पताल पहुंचे थे,उन्होंने बच्चों से जानकारी ली थी.



# कार्यशाला का आयोजन हुआ

**नवभारत,दमोह.** सांस्कृतिक स्रोत व प्रशिक्षण केंद्र, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय केंद्र, दमोह में दिनांक 25 नवम्बर से 04 दिसंबर, 2025 तक विद्यालयी शिक्षा मे हस्त कला कौशल का समावेश विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया.यह कार्यशाला निदेशक राजीव कुमार के निर्देशन में व उपनिदेशक कार्यशाला आशुतोष के मार्गदर्शन व दुय उपनिदेशक राहुल कुमार डॉ संदीप शर्मा. के सहयोग से आयोजित की गई.10 दिवसीय कार्यशाला मे सीखने, सृजन और संस्कृति के उत्सव के बाद, 07 विभिन्न राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से आए 34 शिक्षक -शिक्षिकाओं ने भाग लिया व सभी नें प्रोजेक्ट कार्य भी प्रस्तुत किए - पाठ योजनाएँ, तथा वर्कशीट्स से पूरे देश की कला संस्कृति पर प्रकाश डाला.कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आशुतोष गुप्ता (नायब तहसीलदार) दमोह नें उद्बोधन मे कहां की.

# ऑटो रिक्शा और बाइक की भिड़ंत

## पशुपालन विभाग के कर्मी की मौत, एक घायल

**नवभारत,दमोह. जिले के नोहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरईचौंच और हथनी के बीच तेज रफ़्तार ऑटो रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार 4 वर्षीय कीरत सिंह आनु निवासी की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया. मौके पर नोहटा थाने से प्रआ दीपक सहित 112 डायल पहुंची. वहीं ऑटो रिक्शा में सवार भूपेंद्र ठाकुर पिता अर्जुन उम्र 45 वर्ष दमोह का बताया गया है.जैसे ही यह घटना घटित हुई,मौके पर एन.एच.आई. ( नेशनल हाईवे ) 133 एंबुलेंस चंद्रभान सिंह, देशराज, अभिषेक ने मौके पर पहुंचकर घायल को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे.**



जहां ड्यूटी रत डॉक्टर चक्रेश चौधरी, ऐश्वर्य,मधुर जैन और कौशिकी के द्वारा इलाज किया गया. इधर घटना की जानकारी मिलते ही पशुपालन विभाग उपसंचालक डॉ बीके असाटी, डॉ गोविंद चौधरी के अलावा विभाग के और भी अधिकारी कर्मचारी जिला अस्पताल पहुंचे, जहां मृतक कर्मचारी के परिजनों के बीच शोक संवेदनाएं व्यक्ति की.

# जबेरा विधानसभा में शत प्रतिशत एसआईआर

**नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह.**चुनाव आयोग के निर्देश पर मप्र में चल रही निर्वाचक नामावली पुनरीक्षण कार्य जो विगत करीब 27 दिनों से लगातार चल रहा था, जिसमें दमोह जिले के 56 विधानसभा में सबसे पहले 100 प्रतिशत विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सम्पन्न हुआ है. इस बात की जानकारी जनपद सभाकक्ष में तेंदूखेड़ा एसडीएम सौरभ गंधर्व ने पत्रकारों को दी.साथ ही उन्होंने बताया कि यह कार्य 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर संपन्न हुआ. इस दौरान 56 जबेरा विधानसभा के कुल मतदाता 2,44,518 का डिजिटाइजेशन किया गया.जो 100 प्रतिशत है.एसआईआर प्रक्रिया के दौरान 10124 अनुपस्थित मिले.जिनमें अनुपस्थित सिफ्टेड मृत और रीपीटेड मतदाता शामिल रहे. जिन्हें नो मैपिंग श्रेणी में शामिल किया गया. इस तरह 100 प्रतिशत एसआईआर सम्पन्न किया गया.

## एक नजर में



### भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ हेतु बैठक

**नवभारत,पथरिया/दमोह।** भगवती मानव कल्याण संगठन द्वारा भय, भूख व भ्रष्टाचार मुक्त समाज निर्माण के उद्देश्य को लेकर निरंतर विभिन्न जनहित कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पथरिया ब्लॉक के ग्राम नरसिंहगढ़ में आगामी जिला स्तरीय दुर्गा चालीसा पाठ का भव्य आयोजन 21 दिसंबर 2025 से 22 दिसंबर 2025 तक किया जाना प्रस्तावित है। इस आयोजन में संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष बहन पूजा शुक्ला के शुभ आगमन का भी कार्यक्रम निर्धारित है आयोजन की रूपरेखा एवं व्यवस्थाओं को लेकर ग्राम नरसिंहगढ़ स्थित राम मंदिर प्रांगण में बैठक संपन्न हुई,जिसमें ग्रामवासी,संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में कार्यक्रम की सभी तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत आवेदन करे

**नवभारत,दमोह.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत 31 जनवरी 2026 को ट्रेन वैष्णोदेवी तथा 20 मार्च 2026 को ट्रेन जगन्नाथपुरी की तीर्थ यात्रा पर जाना प्रस्तावित है. कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर ने कहा है जिले के जो आवेदक (म.प्र. के वरिष्ठजन जिनकी आयु 60 वर्ष या अधिक आयु के व्यक्ति, महिलाओं के मामले में 02 वर्ष की छूट, जो आयकर दाता नही है, वैष्णोदेवी अथवा जगन्नाथपुरी की तीर्थ यात्रा के लिए जाना चाहते है, वे आवेदक अपने आवेदन पत्र अपने निकटतम स्थानीय निकाय (नगर पालिका/नगर परिषद/जनपद कार्यालय) में वैषणोदेवी तीर्थ यात्रा हेतु 17 जनवरी 2026 तथा जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा हेतु 06 मार्च 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों सहित जमा कर सकते है. उन्होंने यात्रियों से अपेक्षा की है कि वे मौसम के अनुरूप वस्त्र, उनी वस्त्र, व्यक्तिगत उपयोग की सामग्री यथा कंबल, चादर, तौलिया, साबुन, कंघा, आवश्यक दवाईयां, दाढी बनाने का सामान, आदि साथ में रखें। उन्होंने कहा आवेदन पत्र के साथ संलग्न नियमानुसार घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से भरकर प्रस्तुत किया जाये.



### पुलिस ने रात्रि भ्रमण कर वाहन चेकिंग की

**नवभारत,दमोह।** पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में शहर व जिले भर में पुलिस रात्रि भ्रमण कर वाहन चेकिंग कार्रवाई के अलावा और भी संदिग्ध लोगों को पूछताछ करने में लगी हुई है .दमोह शहर के जबलपुर नाका पर देर रात करीब 1 बजे वाहन चेकिंग करवाई में महिला थाना प्रभारी फेमिदा खान सहित पुलिस और गैसाबाद में नवागत थाना प्रभारी प्रियंका पटेल भी स्टाफके साथ भ्रमण करती हुई नजर आई.



# आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराएं : सीईओ

## सोशल आडिट के ब्लाक प्रभारी ने स्थलों का जायजा लिया

**कुम्हारी नवभारत 4 दिसंबर।** पटेरा जनपद से जुड़ी ग्राम पंचायत में सोशल ऑडिट का कार्य शुरू हुआ। दसमें बीसी अनीता पटेल द्वारा ग्राम पंचायत मझौली, बेलखेड़ी पहुंचकर स्थल पर निरीक्षण किया गया। एक वर्ष में जो भी निर्माण कार्य पंचायत द्वारा कराए गए हैं उनका स्थल पर भौतिक सत्यापन किया जाता है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा आदेश जारी किया गया कि सामाजिक एनीमीटर सोशल ऑडिट के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए जाए। पंचायत में हुए कार्यों का सोशल ऑडिट की टीम स्थल पर जाकर जायजा लेती है।

# मारुताल बाइपास की शासकीय भूमि पर कब्जा हटाने का रास्ता साफ

## अदालत ने वादीगण का दावा किया निरस्त

**नवभारत, दमोह.** सिविल न्यायाधीश अनुप्रक्षा जैन की अदालत ने मारुताल बाईपास के पास स्थित पांच एकड़ से अधिक की बेशकीमती शासकीय भूमि पर कब्जाधारियों द्वारा दायर उस याचिका को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने शासन को उनके कच्चे-पक्के मकान तोड़ने और भूमि से बेदखल करने से रोकने तथा स्वयं को भूमि स्वामी घोषित करने की मांग की थी. शासन के प्रतिनिधि कलेक्टर की ओर से सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने कलेक्टर दमोह का पक्ष रखते हुए प्रकरण में बहस की.

### मामले का विवरण

वादी मलखान मुंडा, मोहन मुंडा, दुर्गाबाई मुंडा, शांतिबाई मुंडा और राजा मुंडा ने अदालत में दावा किया कि वे अपने पिता के समय से लेकर आज तककृलगभग 30 वर्ष से भी अधिक समय सेकृउक्त शासकीय चरनोई मद की भूमि पर कच्चे-पक्के घर बनाकर निवास कर रहे हैं .उनका कहना था कि राजस्व अधिकारी उनके कब्जे से अवगत रहे हैं और कभी बेदखली की कार्रवाई नहीं की गई .वादीगण ने स्वयं को भूमिहीन, गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाला तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग का बताते हुए दावा किया कि लंबे समय के कब्जे के आधार पर वे भूमि स्वामी के हकदार हैं .उन्होंने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी उन्हें पुलिस बल के माध्यम से बेदखल करने की तैयारी में हैं और कब्जा हटाने के बदले आवास दिलाने का लालच दे रहे हैं .शासन का पक्ष कलेक्टर दमोह की ओर से सरकारी वकील राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने न्यायालय को बताया कि विवादित भूमि शासन की है तथा उसे हाउसिंग बोर्ड को कमजोर वर्ग के नागरिकों के लिए आवास उपलब्ध कराने हेतु संरक्षित कर आवंटित किया जा चुका है.



# तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पैदल ले गए न्यायालय

**नवभारत,दमोह.** सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो नग अवैध हतगोला बरामद कर तीन आरोपियों को पैदल सिटी कोतवाली से न्यायालय ले जाया गया.जिन्हें न्यायालय ने जेल भेजा है,पुलिस अधीक्षक श्री सोमवंशी के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और सीएसपी एचआर पांडे के मार्गदर्शन में लगातार अवैध (विस्फोटक सामग्री) के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित पर टीआई मनीष कुमार ने कोतवाली स्टाफकी पृथक-पृथक टीम कार्रवाई हेतु लगाई गई थी, टीम ने मुखबिर की सूचना पर सीता बावली बाईपास सड़क किनारे तीन आरोपियों के कब्जे से दो नग हथगोला विस्फोटक पदार्थ जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली में अपराध क्रमांक 558/2025 धारा 45 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 के तहत पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर सिटी कोतवाली से पैदल जिला न्यायालय ले जाया गया. जहां न्यायालय ने आरोपियों रज्जाक खान बजरिया वार्ड 5,टुंडा उर्फआशिक 24 वर्ष चैनपुरा बजरिया 5,जमील खान उम्र 38 वर्ष निवासी बजरिया वार्ड 5 दमोह को एएसआई राकेश पाठक केंद्र बजरिया,अभिषेक चौबे,महेंद्र और योगेंद्र यादव का योगदान रहा.

**स्वीकृति** — रिंग रोड पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद यातायात प्रबंधन में बड़ा सुधार आएगा-सांसद लोधी

# शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम होगा

**नवभारत,दमोह.सांसद राहुल सिंह लोधी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ( एनएचएआई ) के चेयरमैन संतोष कुमार यादव से नई दिल्ली स्थित कार्यालय में सौजन्य भेंट की. मुलाकात के दौरान दमोह शहर की सड़क कनेक्टिविटी व रिंग रोड विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा हुई.**




सांसद राहुल सिंह लोधी ने बताया वर्तमान में दमोह शहर को चारों दिशाओं से प्रमुख हाईवे कनेक्टिविटी प्राप्त हैं जिसमें बक्सवाहा से दमोह, सागर से दमोह, जबलपुर से दमोह, कटनी से दमोह,हटा से दमोह है.इसके साथ ही हटा से इमलाई बाईपास, बांसा बाईपास, अभाना बाईपास होते हुए समन्ना बाईपास तक का रिंग रोड का अधिकांश हिस्सा पहले ही बनकर तैयार है लेकिन समन्ना से हटा नाके तक लगभग 4 किमी लंबा हिस्सा अभी निर्मित नहीं हो पाने से भारी वाहनों का दबाव शहर के भीतर बना रहता है. इस आवश्यक कनेक्टिविटी को जोड़ने के लिए सांसद ने चेयरमैन से रिंग रोड के अंतिम हिस्से के निर्माण का अनुरोध किया.सांसद श्री लोधी ने बताया चर्चा के दौरान एनएचएआई चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने तत्काल डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) तैयार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं.यह डीपीआर लगभग 2-3 महीनों में तैयार हो जाएगी,

जिसके उपरांत विधिवत टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी. सांसद राहुल सिंह ने कहा यह रिंग रोड पूर्ण रूप से तैयार हो जाने के बाद दमोह शहर के भीतर से गुजरने वाले भारी वाहनों का दबाव कम होगा और शहर के यातायात प्रबंधन में बड़ा सुधार आएगा.इस निर्णय से दमोह शहर के विकास एवं यातायात सुगमता को नई दिशा मिलने की उम्मीद है.

### सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत लोकसभा स्तरीय खेलों का हुआ शुभारंभ



**नवभारत,दमोह.** सांसद खेल महोत्सव 2025 अंतर्गत लोकसभा प्रतियोगिताओं में आज टाइम्स कॉलेज दमोह में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। खेल महोत्सव का शुभारंभ जनपद अध्यक्ष प्रीति कमल सिंह ठाकुर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने फीता काटकर किया। खेल महोत्सव में दमोह लोकसभा की आठों विधानसभाओं के खिलाड़ियों ने भाग लिया। गोपाल पटेल, रामेश्वर चौधरी, संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार, अमित गोलू बजाज, भरत यादव, सुशील कुमार गुप्ता, प्रिंस जैन, रमाकांत बाजपेई, श्याम विश्वकर्मा, कृष्णा पटेल, शिवेंद्र तिवारी, जितेंद्र चक्रवर्ती, आदित्य सारोठिया सहित जनप्रिति निधिगण, गणमान्य नागरिक, सभी पीटीआई व खेल से जुड़े सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।



### कोबरा सर्प का पकड़ा

**नवभारत,दमोह.** शहर के हिरदेपुर मुकेश रजक के घर में काला कोबरा सर्प होने की खबर पर मौके पर वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे, एसडीओ एमडी मानिकपुरी और रेंजर विक्रम चौधरी के निर्देशन में वनरक्षक भरत परोहा ने पहुंचकर सर्प को पकड़ने वाले पप्पू सेन को बुलाकर सर्प को पकड़वाया गया. जहां बताया गया कि काला कोबरा सर्प है, हमला करने के 40 मिनट बाद व्यक्ति की मौत हो जाती है.